## सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
## दिनांक 21.11.2023

### थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा जनपद में भोले-भाले लोगों की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से पैसे निकालने वाले 02 अभियुक्तगण को 70 अदद एटीएम कार्ड, अवैध असलाह व कार सहित गिरफ्तार किया गया ।

आज दिनांक 21.11.2023 को थाना कुठौन्द पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तगण को ग्राम गौरा राठौर, शिव मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस व 70 अदद ATM कार्ड भिन्न-भिन्न बैंक व 01 अदद कार बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने अन्य साथियों के साथ ATM से पैसे निकालने वाले लोगों की मदद करने के बहाने कार्ड बदल लेते हैं, मदद करते ही पैसों निकाल रहे व्यक्तियों का पिन जान लेते है और बाद में व्यक्ति के जाने के पश्चात उसी ATM से पैसे निकाल लेते है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. समोद सिंह पुत्र श्याम सिंह नि0 ग्राम मढा थाना अछल्दा जनपद औरैया ।
2. अंश कुमार पुत्र सिपाहीलाल नि0 ग्राम टिकरी मुस्तकिल थाना सिरसाकलार जनपद जालौन ।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 70 अदद ATM कार्ड भिन्न- भिन्न बैंक
2. 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 अदद ज़िंदा कारतूस
3. 01 अदद स्विफ्ट डिजायर कार

**अभियुक्त समोद सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 290/2015 धारा 110G सीआरपीसी थाना अछल्दा जनपद औरैया
2. मु0अ0सं0 256/2022 धारा 379/394/411/511 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया
3. मु0अ0सं0 89/2023 धारा 3(1) उ०प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 1986 थाना अछल्दा जनपद औरैया ।
4. मु0अ0सं0 62/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अछल्दा जनपद औरैया
5. मु0अ0सं0 61/2023 धारा 323, 395, 412, 506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया
6. मु0अ0सं0 267/2023 धारा 399/401 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुठौन्द जनपद जालौन।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. थानाध्यक्ष कुठौन्द मय पुलिस टीम ।